श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन राजकीय महिला महाविद्यालय, जालोर

राष्ट्रीय सेवा योजना

सत्र 2021–22 वार्षिक प्रतिवेदन

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की एक इकाई कार्यरत है। जिसमें 100 स्वयंसेविका है इस इकाई ने सत्र 2021–22 में महाविद्यालय एवं गोद लिए गये गांव (मालनाथ की ढाणी) में वर्ष पर्यन्त कई कार्यक्रम किये जिनका सविस्तार पूर्वक विवरण निम्नांकित है –

जुलाई :– 2021

1. महाविद्यालय में पौधा रोपण कार्यक्रम के तहत नीम, रोहिड़ा, औषधिय पौधे, कनेर, बोगन वेलिया आदि पौधो का रोपण किया, उनको समय–समय पर पानी देने, आवारा पशुओं से सुरक्षा हेतु कटिली झांडिया लगाई गई।
2. महाविद्यालय में छात्राओं को विष्फोटक जनसंख्या वृद्धि के दुष्परिणामों एवं नियन्त्रण हेतु उपायो की जानकारी के लिए जनसंख्या दिवस मनाया। इसी के साथ विश्व युवा कौशल दिवस मनाया, इसी कड़ी में प्रत्येक सप्ताह के गुरूवार एवं शनिवार महाविद्यालय में स्वैच्छिक श्रमदान का आयोजन किया गया।
3. महाविद्यालय में आपदा प्रबन्ध, स्वच्छ भारत, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, महिला सशक्तिकरण कार्यक्रमों एवं विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।
4. महाविद्यालय में युवा कौशल प्रकोष्ठ हेतु निर्धारित सूचना पट्ट पर राष्ट्रीय सेवा योजना के इस वार्षिक कलैण्डर की एक प्रति चस्पा की एवं राष्ट्रीय सेवा योजना में पंजीयन करने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों एवं इनकी वर्षभर की रूपरेखा से अवगत कराया।
5. महाविद्यालय में विश्व युवा कौशल दिवस मनाया गया जिसमें स्वयं सेविकाओं को खुद के हुनर को बढावा देने एवं जिससे स्वयं के खर्चो का निष्तारण किया जा सके।
6. कोविड–19 के विरूद्ध जागरूकता पैदा करने के लिए स्वयं सेविकाओं ने घर–घर मास्क वितरित किये।

अगस्त :– 2021

1. महाविद्यालय में नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्वयंसेविकाओं को नशा नही करने एवं नशा रोकने की शपथ दिलवाई।
2. महाविद्यालय परिसर में स्वयं सेविकाओं ने साफ–सफाई की एवं नये पौधो लगाने के लिए स्थान चिन्हित किया एवं **"एक पौधा एक स्वयं सेविका"** पौधे लगाये
3. मतदान जागरूकता के लिए महाविद्यालय में मतदान का महत्व विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया।
4. महाविद्यालय परिसर को पोलिथिन मुक्त करने के लिए परिसर में साफ–सफाई की एवं उचित जगह पर पोलिथिन एवं कचरे का निस्तारण किया गया।
5. महाविद्यालय में स्वय सेविकाओं को वर्षा के पानी का उचित उपयोग करने एवं जल प्रबन्धन करने की जानकारी दी।
6. महाविद्यालय में बाल–विवाह के दुष्परिणाम पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया।
7. महाविद्यालय में स्वयंसेविकाओं को महिलाओं के खिलाफ हो रहे छेड़छाड़ एवं अत्याचारों को रोकने के लिए "आत्मरक्षा" कार्यक्रम आयोजित किया गया।

CamScanner

सितम्बर :– 2021

1. महाविद्यालय में अन्तर्राष्टीय साक्षरता दिवस मनाया।
2. महाविद्यालय में सभी छात्राओं को **"नो–मास्क नो एन्ट्री","दो गज दूरी मास्क है जरूरी"** एवं कोरोना–19 से सावधान रहने की जागरूकता पखवाडा आयोजित किया गया।
3. सड़क सुरक्षा सम्बन्धी सावधानियां बरतने के लिए स्वयं सेविकाओं को ट्रैफिक नियमों की जानकारी एवं हेलमेट अनिवार्यता पर जोर दिया।
4. 24 सितम्बर को राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना दिवस मनाया गया।

अक्टूबर :– 2021

1. कोविड–19 के विरूद्ध जागरूकता लाने के लिए स्वयं सेविकाओं घर–घर जाके कोविड–19 के टीकाकरण करने के लिए प्रेरित किया एवं कोविड–19 की गाईड लाईन की पालना किया।
2. 23 अक्टूबर को महात्मा गांधी जयन्ती मनायी एवं **"महात्मा गांधी अतीत ही नही भविष्य भी है"** विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित की गयी।
3. राष्ट्रीय एकता दिवस पर **"रन फॉर यूनिटी"** का आयोजन किया गया।
4. महाविद्यालय में नशा मुक्ति पर व्याख्यान करवाया जिसमें नशा करने से होने वाले दुष्परिणामों की सविस्तार व्याख्या की एवं रोकने के कारगार उपाय बताये।
5. 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल जयन्ती एवं इन्दिरा गांधी के बलिदान दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

नवम्बर :– 2021

1. कौमी एकता सप्ताह मनाया, जिसमें अंहिसा एवं धर्म निरपेक्षता पर व्याख्यान आयोजित किया गया।
2. महाविद्यालय में अल्पसंख्यक कल्याण दिवस मनाया जिसमें अल्पसंख्यक (जैन, मुस्लिम, बौध, इसाई) आदि धर्मों के कल्याण से सम्बधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।
3. महिलाओं के विरूद्ध हिंसा विषय पर व्याख्यान आयोजित किया।
4. 26.11.2021 को **"डॉ. भीमराव अम्बेडकर एवं भारतीय अर्थव्यवस्था"** विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
5. 27.11.2021 को मतदान से संबंधित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
6. एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।
7. 30.11.2021 को **"संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर"** विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
8. संविधान दिवस के अवसर पर भारतीय संविधान की उद्देशिका को सम्मान पूर्वक तरीके से संस्था के नोटिस बोर्ड पर विद्यार्थियों द्वारा पढ़े जाने के निर्देश के साथ लगाया।

दिसम्बरः– 2021

1. विश्व एड्स दिवस पर व्याख्यान आयोजित किया गया।
2. महाविद्यालय में संविधान सप्ताह के तहत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसका विषय **"महात्मा गांधी अतीत ही नहीं भविष्य भी है"**।
3. 10 दिसम्बर को विश्व मानवाधिकार दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया गया।
4. 13.12.2021 को महाविद्यालय में महिलाओं का स्वास्थ्य एवं पौषण विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसमें डॉ. सरिका चौपड़ा ने छात्राओं की जिज्ञासाओं को शान्त किया।
5. 24 दिसम्बर को उपभोक्ता संरक्षण एवं उनके अधिकारों से संबंधी विषय पर जागरूकता लाने हेतु कार्यकम आयोजित किया गया।
6. महाविद्यालय में Effects of Social Media विषय पर गोष्ठी आयोजित की।

CamScanner

जनवरी :– 2022

1. 08.01.2022 को महाविद्यालय में कोविड वैक्सिनेशन कैम्प का आयोजन किया गया।
2. महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा सप्ताह मनाया गया जिसमें कब्बडी, "स्वामी विवेकानन्द के चिन्तन की वर्तमान संदर्भ में प्रासंगिकता" विषय पर निबंध प्रतियोगिता एवं "स्वामी विवेकानन्द व्यक्तित्व एवं कृतित्व/भारत के स्वतंत्रता सेनानियों पर स्वामी विवेकानन्द का प्रभाव" विषय पर भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई।
3. 25 जनवरी को भारतीय मतदाता दिवस मनाया गया जिसमें महाविद्यालय की स्वयं सेविकाओं को अधिक से अधिक वोटर लिस्ट में नाम जुडवाने के लिए प्रेरित किया एवं Voter Help Line App को Download करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही मतदान का महत्व विषय पर गोष्ठी आयोजित की गई।
4. एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।

फरवरी एवं मार्च :– 2022

1. जालोर महोत्सव 2022 के तहत आयोजित कैरियर गाइडेंस से संबंधित कार्यशाला तथा विभिन्न कार्यकमों में स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया।
2. आजादी के अमृत महोत्सव के आयोजित कार्यकम में महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया।
3. अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सामान्य चिकित्सालय जालोर के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।
4. 16.02.2022 से 25.02.2022 तक राजस्थान युवा पखवाडा कार्यकम मनाया एवं प्रसिद्ध गांधीवादी सुब्बाराव जी की जयन्ती मनाई गयी। जिसमें भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, नारा लेखन प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया।
5. दिनांक 23.03.2022 को भगतसिंह, सुखदेव एव राजगुरू की शहादत दिवस पर संगोष्ठि का आयोजन किया गया
6. 25.02.2022 से 31.03.2022 तक My Vote is my Future- Power of one vote (Song, Video, Poster, Slogan & Quiz) प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

प्राचार्य
श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन,
राजकीय महिला महाविद्यालय जालोर

प्रभारी
राष्ट्रीय सेवा योजना (एन. एस. एस.)

CamScanner

कार्यालय प्राचार्य, श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन राजकीय महिला महाविद्यालय, जालोर

सात दिवसीय विशेष शिविर की रिपोर्ट

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियां वर्ष भर आयोजित होती रहती है इसी के साथ सात दिवसीय विशेष शिविर का भी आयोजन गत विगत वर्षो की भांति (दिनांक 23.12. 2021 से 29.12.2021) तक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जिसमें निम्नलिखित गतिविधियां आयोजित की गई–

1. 23.12.2021 को विशेष शिविर का उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि श्री मोहन पाराशर (चार्टर्ड एकाउन्टेंट) पाराशर एण्ड कम्पनी जालोर एवं विशिष्ट अतिथि श्री तरूण सोलंकी, अध्यक्ष बार एसोसिएसन जालोर, श्री नितिन सोलंकी, अध्यक्ष जालोर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड, जालोर तथा मुख्य वक्ता डॉ. ललित कुमार जिला समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना वी. वी. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जालोर के कर कमलो द्वारा सम्पन्न हुआ। साथ ही परिसर में श्रमदान,साफ–सफाई एवं पौधों को पानी देने का कार्य किया गया।
2. 24.12.2021 को गोद ली बस्ती में सामाजिक समरसता एवं स्वास्थ्य विषयक नारों के साथ रैली आयोजित की । द्वितीय सत्र में महाविद्यालय परिसर में कटिली झांडिया एवं खरपतवार कटवाई, पौधो को पानी पिलाया, स्वयंसेविकाओं ने ग्रुप बनाकर स्वच्छता अभियान चलाते हुए महाविद्यालय परिसर के बरामदे, हॉल, मुख्य द्वार एवं मार्ग पर झाड़ू लगाकर साफ–सफाई की। इसके साथ उपभोक्ता दिवस मनाया गया।
3. 25.12.2021 को श्री मुकेश सोलंकी सेवा निवृत अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी, जालोर ने मतदाता जागरूकता विषय पर सहविस्तार पूर्वक व्याख्यान दिया जिसमें मतदान की महत्ता एवं मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की प्रकिया, फार्म 16 भरने एवं Voter Help Line App. से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी एवं स्वयंसेविकाओं की जिज्ञासाओं एवं शंकाओं को दूर किया। स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर में पेड़–पौधो के थाले बनाएं एवं परिसर की साफ–सफाई की।
4. 26.12.2021 को गोद् ली बस्ती में सर्वे कार्य किया। बस्ती में स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी महिलाओं को दी गई। द्वितीय बौधिक सत्र में डॉ. पी. सी. यादव वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र केशवना ने मुख्य रूप से मधुमक्खी, रेशम एवं लाह के किटो का अर्थव्यवस्था एवं पर्यावरण में योगदान की व्याख्या की।
5. 27.12.2021 को समाज कल्याण से संबंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी एवं सिलाई, कढ़ाइ, बुनाई आदि का प्रदर्शन किया। द्वितीय बौधिक सत्र में श्री आनन्द सुथार जिला रोजगार अधिकारी, जालोर ने विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी क्षेत्र में रोजगार के अवसरों के बारे में

CamScanner

विस्तार से बताया एवं विशेषकर आरएएस एवं यूपीएससी के साथ साथ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में जानकारी दी एवं स्वयंसेविकाओं की जिज्ञासाओं को शान्त किया।

6. 28.12.2021 को स्वयंसेविकाओं ने गोद लिए बस्ती में कोराना–19 के प्रति जागरूकता एवं टीकाकरण करने के लिए प्रेरित किया। द्वितीय बौधिक सत्र में श्री एस. आर. माली मुख्य प्रबंधक अग्रणी बैंक एस. बी. आई. जालोर ने बैंक में खाते खुलवाने एवं खातों के प्रकार, बैंक संबंधी लेनदेन, लॉकर की सुविधा, उच्च शिक्षा के लिए ऋण आदि पर बैंक की कार्यप्रणाली की सह विस्तार व्याख्या की। इसी के साथ श्री परमानन्द भट्ट वित्तीय सलाहकार एस. बी. आई. जालोर ने लोन के बारे में एवं कौशल विकास के बारे में सहविस्तार जानकारी दी।

7. 29.12.2021 को समापन समारोह में मुख्य अतिथि लायनेस क्लब की क्षेत्रीय अध्यक्षा श्रीमती शंकुतला मूदंडा, विशिष्ट अतिथि लायनेस क्लब जालोर की अध्यक्ष अनिता जेथेलिया, विशिष्ट अतिथि हैलपिंग हैण ग्रुप की रश्मि स्वामी एवं विनिता ओझा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम अधिकारी

प्राचार्य

दिनांक 20.12.2021

—: सूचना :—

महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयंसेविकाओं को सूचित किया जाता है कि **दिनांक 23.12.2021 से 29.12.2021** तक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में 50 स्वयंसेविकाओं को ही प्रवेश दिया जाएगा।

शिविर में वे ही स्वयंसेविकाएं भाग लेगी जिन्होंने इस वर्ष आयोजित दोनों में से एक दिवसीय शिविर तथा नियमित गतिविधियों में भाग लिया हो शिविर में भाग लेने वाली **स्वयंसेविकाएं कल प्रातः 11 बजे महाविद्यालय परिसर** में उपस्थित रहेंगी।

नोटः— पूर्व में सात दिवसीय शिविर जिसने किया है उनको इस शिविर में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

कार्यक्रम अधिकारी

प्राचार्य

CamScanner

प्रपत्र – 1

कार्यक्रम अधिकारी का विवरण (वर्ष 2021–22)

प्रपत्र – 1

महाविद्यालय का नाम : श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन राजकीय महिला महाविद्यालय, जालोर

आवंटित इकाईयाँ: 1

क्र. सं.	कार्यक्रम अधिकारी का नाम	विषय	प्रशिक्षित / अप्रशिक्षित	नियुक्ति दिनांक	गोद लिये गये स्थान का नाम
1	डॉ. पीपाराम	ई.ए.एफ.एम.	प्रशिक्षित दिनांक 03 से 09 मार्च 2021 ETI (MPUAT, Udaipur)	01.07.2017	नाथ बस्ती न्यू रामदेव कॉलोनी, जालोर

कार्यक्रम अधिकारी के हस्ताक्षर
(पूरा नाम एवं मोबाईल नम्बर)

डॉ. पीपाराम
मो. 7597842637

प्राचार्य के हस्ताक्षर
(पूरा नाम एवं मोबाईल नम्बर)

डॉ. एम. एल. जांगिड़
मो. 9414588210

CamScanner